Title: Need to provide better railway facilities in Sirsa and adjoining areas.-Laid

डा. सुशील इन्दौरा (सिरसा): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा तथा पड़ौसी जिला हिसार से होती हुई भटिंडा-दिल्ली, भटिंडा-बीकानेर और भटिंडा-जयपुर रेल लाइने हैं। इन पर अनेकों हाल्ट हैं जिनका लाभ दूर-दराज गांवों में रहने वाले निवासी उठा रहे हैं, किंतु सरकार ने अब इन हाल्टों को बंद करने का निर्णय लिया है। इसका परिणाम यह होगा कि इन दूर-दराज गांवों में रहने वाले बेसहारा ग्रामीण अलग-थलग पड़ जायेंगे। गाजूवाला, खावराकलां, जोंधका आदि जैसे और अनेक हाल्ट उसी श्रेणी में आते हैं। इसके अतिरिक्त मेरे संसदीय क्षेत्र के प्रमुख नगर सिरसा तथा डबवाली के बीचो-बीच से रेल लाइन गुजरती है, जो कि नेशनल हाईवे नं. १० को काटती है पर इन पर कोई ओवरब्रिज नहीं है। अतः रेल आने के संकेत के साथ रेल फाटक बंद हो जाता है और सारा ट्रैफिक जहां का तहां रुक जाता है तथा पूरे शहर में देखते ही देखते जाम लग जाता है और सब कुछ अस्त-व्यस्त हो जाता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त शहरों में ओवर ब्रिज निर्माण करायें जाएं तथा प्रस्तावित हाल्टों को बंद करने के विचार को त्यागा जाए ताकि सुदूर ग्रामों के निवासी अलग-थलग न होने पाएं।